# बरस रही है कृपा बांके बिहारी की | By Gagan Sharma

बरस रही है कृपा मुझ पर मेरे बांके बिहारी की
जय हो जय हो मेरे मोहन ठाकुर श्री बांके बिहारी की

तेरी सूरत पे बलिहारी, हैं तेरी अँखियाँ कजरारी
है सिर पर मोर मुकुट सोहे और गल वैजन्ती माला जी
बरस रही है कृपा मुझ पर मेरे बांके बिहारी की

है बरसाने की रानी राधा, मोहन के मन में रहती है
श्री वृन्दावन की गलियों में प्रेम की गंगा बहती है
तू मेरा है मेरे मोहन, मैं तेरे चरणों का पुजारी जी
बरस रही है कृपा मुझ पर मेरे बांके बिहारी की

तेरी आँखों का ये जादू, है मेरे दिल को छू जाता
तेरी कृपा की छाया में है मेरा जीवन खिल जाता
गगन बस तेरा ही तेरा, मेरे कुञ्ज बिहारी जी
बरस रही है कृपा मुझ पर मेरे बांके बिहारी की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be/